# लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

## दिनांक 01 दिसम्बर, 2019 की सम्पन्न हुई आकस्मिक कार्य परिषद की बैठक संख्या 6/2019 की कार्यवाही

### उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | श्री शैलेश कुमार शुक्ल, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2- | प्रो0 एस0 के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय | – | सदस्य |
| 3- | डॉ0 प्रकाश चन्द्र सक्सेना, अधिष्ठाता, आयुर्वेद संकाय | – | सदस्य |
| 4- | प्रो0 रीता | – | सदस्य |
| 5- | प्रो0 नन्द लाल भारती | – | सदस्य |
| 6- | प्रो0 एस0के0 जायसवाल | – | सदस्य |
| 7- | प्रो0 बृजेन्द्र सिंह | – | सदस्य |
| 8- | प्रो0 एम0 एम0 वर्मा | – | सदस्य |
| 9- | डॉ0 अर्चना मिश्रा नी तिवारी | – | सदस्य |
| 10- | डॉ0 अशोक कुमार सोनकर | – | सदस्य |
| 11- | डॉ0 मो0 तकी अली आब्दी | – | सदस्य |
| 12- | डॉ0 अमृता श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 13- | डॉ विनीता प्रकाश | – | सदस्य |
| 14- | प्रो0 एस0के0 द्विवेदी | – | सदस्य |
| 15- | श्री अनिल सिंह | – | सदस्य |
| 16- | जस्टिस श्री वी0के0 दीक्षित (से0नि0) | – | सदस्य |
| 17- | श्री वी0पी0 कौशल, प्रभारी, कुल सचिव | – | पदेन सचिव |

बैठक आरम्भ करने से पूर्व माननीय अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा कार्य परिषद के नवागत सदस्य प्रो0 नन्द लाल भारती का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा विश्वविद्यालय संचालन में उनके बहुमूल्य सुझावों का आग्रह किया तत्पश्चात कार्य परिषद के नवागत सदस्य से शपथ पत्र के प्रारूप पर हस्ताक्षर कराकर उसे सचिव कार्यपरिषद् को हस्तगत कराया गया। मा0 कुलपति/अध्यक्ष द्वारा अपने सम्बोधन में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्य प्रो0 पद्मकान्त, रसायन शास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का कार्य परिषद में उनके द्वारा दिये गये बहुमूल्य सुझावों एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। बैठक आरम्भ होने से पूर्व माननीय अध्यक्ष कार्य परिषद/कुलपति महोदय द्वारा आकस्मिक कार्य परिषद की बैठक दिन रविवार को बुलाये जाने का समुचित कारण मा0 सदस्यों को बताया तथा उनके अवकाश के दिन बैठक में उपस्थित होने के लिये कोटि–कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

तत्पश्चात बैठक में विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह की रूप रेखा से सम्बन्धित निम्नलिखित कार्यक्रम जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम/ खेलकूद/सेमीनार/व्याख्यान आयोजित कराने के सम्बन्ध में मा0 सदस्यों से प्रस्ताव/सुझााव मॉगे गयें:–



Scanned by CamScanner

अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए उसके शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस शताब्दी वर्ष में आयोजित किये जाने वाले आयोजनो हेतु समिति के सम्मानित सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये।

**परिषद द्वारा समग्र विचारोपरान्त निम्नांकित बिन्दुओं पर निर्णय लिये गयें:-**

1. मा0 कार्य परिषद सदस्य श्री अनिल सिंह द्वारा यह अभिमत व्यक्त किया गया कि पूर्व में गठित पुरातन छात्र समिति के साथ बैठक कर उनसे शताब्दी वर्ष के आयोजन के संबंध में विचार-विमर्श कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर ली जाय।
2. विश्वविद्यालय की सफाई व्यवस्था पर मा0 सदस्यों द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया तथा इस शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय परिसर की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान दिये जाने का निर्णय लिया गया।
3. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के सेन्ट्रल मेस में छात्र/छात्राओं हेतु मेट्रो कार्ड की तरह स्मार्ट कार्ड की व्यवस्था लागू की जाये जिसका समस्त छात्र/छात्रा उपयोग करेगें चाहें वह छात्रावास में रहते हो या नही साथ ही कला महाविद्यालय से केन्द्रीय मेस की दूरी अधिक होने के कारण पृथक से मेस का निर्माण किया जाय।
4. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा कला एवं शिल्प महाविद्यालय के छात्रावासों हेतु कला एवं शिल्प महाविद्यालय के परिसर में ही मेस की व्यवस्था लागू करने के संबंध में अवगत कराया गया।
5. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा शताब्दी वर्ष में परिसर में उचित स्थान पर पुरातन छात्रों के सहयोग से नवीन शताब्दी गेस्ट हाउस बनवाने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा जिस पर सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।
6. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा शताब्दी वर्ष में ऐसे पुरातन छात्र जो विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान/समारोह में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित हों को विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस में रहने की निःशुल्क सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव रखा (नाश्ते खाने का भुगतान स्वंय करना होगा) जिस पर सदस्यों द्वारा अध्यक्ष, कार्य परिषद को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।
7. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के ऐसे विभागों जो शोध कार्यो में अग्रणी है की सूची तैयार करनें एवं शताब्दी वर्ष में उन विभागों में आयोजित होने वाले सेमीनार/व्याख्यान में विश्वविद्यालय स्तर से 50 प्रतिशत का सहयोग प्रदान करने सम्बन्धी प्रस्ताव पर सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।
8. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्राओं जो सिविल/ज्यूडिसरी परीक्षाओं की तैयार कर रहें हो उनके मार्गदर्शन हेतु ऐसे पुरातन छात्र/छात्रा जो आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 एवं मा0 न्यायाधीश हों या रहें हो की सूची बनाकर उनसे छात्रों के मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा इस हेतु विश्वविद्यालय पुरातन छात्र समिति को दायित्व प्रदान किया गया जिस पर सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।



Scanned by CamScanner

9. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि पूर्व में विश्वविद्यालय के उभय परिसरों में रिलायंस जियों के माध्यम से वाई फाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अनुबंध किया गया था किन्तु उस दिशा में आगे कोई प्रगति नहीं हुई वर्तमान में पुनः वाई फाई सुविधा प्रदान करने हेतु रिलायंस जियों के सक्षम पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद इस दिशा में तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया कि शताब्दी वर्ष में पुराने एवं नवीन परिसर सहित समस्त छात्रावासों में वाई फाई सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी, जिस पर सदन द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

10. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि टैगोर पुस्तकालय का स्टडी हॉल छात्र/छात्राओं के लिये प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक खुलेगा जिस पर सदस्यों द्वारा अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

11. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा सदन को विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु छात्र कल्याण निधि (छात्र बीमा योजना) का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसके अर्न्तगत उक्त योजना से आच्छादित छात्र/छात्राओं के माता/पिता का आकस्मिक निधन हो जाने पर उसी फंड से उसकी शेष शिक्षा का दायित्व पूर्ण किया जायेगा।

12. मा0 सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा उसमे सुधार हेतु प्रर्याप्त कदम उठाये जाने का आग्रह किया। कार्य परिषद सदस्य प्रो0 एस0के0 द्विवेदी ने सुधार के संबंध में एक कार्पस फण्ड पर विचार व्यक्त किया जिस पर सदन द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

13. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत करने हेतु उनकी काउन्सिलिंग हेतु काउन्सलर की सेवा लिये जाने का प्रस्ताव भी सदन के समक्ष रखा गया जिस पर सदन ने सहमति व्यक्त की।

14. सदस्य, कार्य परिषद डॉ0 प्रकाश चन्द्र सक्सेना द्वारा विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय परिसर में आयुष मेला के आयोजन का प्रस्ताव रखते हुए शताब्दी वर्ष में छात्र/छात्राओं हेतु एक डाक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा जिस पर सदन द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

15. सदस्य, कार्य परिषद द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि आयुर्वेद संकाय एवं यूनानी संकाय लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है जबकि होम्योपैथिक संकाय आगरा से सम्बद्ध है इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की मॉग की गयी जिस पर अध्यक्ष द्वारा कार्यवाही हेतु सहमति प्रदान की गयी।

16. शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय में एक कम्प्यूटर सेण्टर खोलने का प्रस्ताव मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा रखा गया जो 24 X 7 दिन कार्य करेगा जिस पर सदन द्वारा अनुमोदन दिया गया।

17. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा आज के समय की आवश्यकतानुसार नयें पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

18. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में योगा केन्द्र खोलने तथा लैग्वेज स्किल डेवलेपमेंट सेंटर खोलने एवं प्लेसमेंट सेंटर खोलने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा गया जिस पर सदन ने सहमति व्यक्त की।



Scanned by CamScanner

19. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में सेन्ट्रल इन्स्ट्रमेन्ट सेण्टर खोलने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया।

20. सदन द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न गेस्ट हाउस की मरम्मत करवाये जाने हेतु निर्णय लिया गया जिस पर अध्यक्ष द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उक्त कार्य कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

21. सदन द्वारा विश्वविद्यालय में स्थित पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों की सूची नेट पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

22. मा0 सदस्यों द्वारा शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय में पुस्तक मेले के आयोजन पर सहमति प्रदान की गयी।

23. मा0 सदस्य कार्य परिषद न्यायमूर्ति श्री वी0के0 दीक्षित (सेवानिवृत्त) द्वारा शताब्दी वर्ष के आयोजन हेतु एक समिति के गठन का प्रस्ताव रखा जिस पर सदन द्वारा समिति के गठन का अधिकार कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद को प्रदान किया जिसमे कार्य परिषद सदस्य प्रो0 एस0के0 द्विवेदी, श्री अनिल सिंह एवं डॉ0 विनीता प्रकाश को शामिल करने के साथ–साथ सम्बन्धित क्षेत्रों हेतु उप समिति के गठन का भी निर्णय लिया गया।

24. सदन द्वारा शताब्दी वर्ष में सहभागिता हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त 171 कालेजों की एक बैठक के आयोजन हेतु सहमति प्रदान की गयी।

25. सदन द्वारा शताब्दी वर्ष पर विश्वविद्यालय से सम्बन्धित 10 मिनट की Documentary Film बनवाने हेतु डॉ0 मुकुल श्रीवास्त, पत्राकारिता विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को नामित किया गया साथ ही उक्त Documentary Film को यू–ट्यूब पर अपलोड कराये जाने का भी निर्णय लिया गया।

26. सदन द्वारा शताब्दी वर्ष पर विश्वविद्यालय से सम्बन्धित Coffee Table बनवाने हेतु कार्य परिषद सदस्य डॉ0 विनीता प्रकाश, प्रधानाचार्या, आई0टी0पी0जी0 कालेज, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को नामित किया गया।

27. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा शताब्दी वर्ष एल0एम0आर0सी0 लखनऊ के माध्यम से लखनऊ मेट्रो में एक डिस्प्ले चलवाने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में सदन द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

28. अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा शताब्दी वर्ष पर एक डाक टिकट जारी कराने पर विचार व्यक्त किया जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमति प्रदान की गयी।

29. सदन द्वारा विश्वविद्यालय के ऐसे पुरातन छात्र/छात्रा जो सिविल/ज्यूडिसरी/सामाजिक/राजनीतिक क्षेत्र में अग्रणी हैं के पाल्यों को प्रवेश हेतु मेरिट में 02 से 03 प्रतिशत की छूट दिये जाने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात कुलपति/अध्यक्ष द्वारा समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

वी0पी0 कौशल
प्रभारी कुलसचिव/सचिव

शैलेश कुमार शुक्ल
कुलपति/अध्यक्ष



Scanned by CamScanner